<u>प्रेस नोट</u>

जनपद-झाँसी

<u>दिनाँक- 12.06.2026</u>

<u>CEIR PORTAL/सर्वेलंस टीम द्वारा गुमशुदा/खोए हुए 203 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रूपये) बरामद।</u>

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में, विभिन्न आवेदकों द्वारा अपने मोबाइल फोन गुम/खो जाने के संबंध में दी गई सूचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल, झाँसी द्वारा CEIR पोर्टल एवं अन्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए कुल 203 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 38 लाख रूपये है।

आज दिनाँक 12.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा पुलिस लाइन जनपद झाँसी में गुमशुदा/खोए हुए 203 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल फोन के स्वामियों द्वारा पूर्व में मोबाइल फोन गुम होने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे। उक्त प्रकरणों के क्रम में एसएसपी झाँसी द्वारा सर्वेलंस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सर्वेलंस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए कुल 203 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें आज दिनांक 12.06.2026 को उनके वास्तविक स्वामियों को नियमानुसार प्रदान किया गया।

<u>बरामदगी का विवरण</u>:-

203 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रूपये)